# भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता में घमासान

## भागीरथपुरा में धक्का-मुक्की, पूर्व मंत्री वर्मा पर चप्पल फेंकी, जमकर नारेबाजी की

**इंदौर,3 जनवरी. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने भागीरथपुरा हादसे को लेकर वरिष्ठ नेताओं की कमेटी को जांच करने का कहा था. आज कमेटी के सदस्य दिन में मृतक के परिजनों एक पीड़ितों से मिलने के साथ स्थिति का जायजा लेने पहुंचे थे.**

उसी समय भाजपा के लोगों ने कांग्रेस नेताओं को मिलने से रोका और काले झंडे दिखाए. इस दौरान दोनों पार्टी के कार्यकर्ता आमने सामने आकर नारेबाजी करने लगे. दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच धक्का मुक्की भी हुई . खूब घमासान मचा .कांग्रेस नेता सज्जन वर्मा, विधायक महेध परमार, प्रताप ग्रेवाल प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी, शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित पटेल सहित सैकड़ों कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भागीरथपुरा पहुंचे थे . दूषित पानी से 16 लोगों के मौत और सैकड़ों की संख्या में पीड़ित से मिलकर संवेदना व्यक्त करने जा रहे थे. इसी दरमियान भाजपा के कुछ नेता महिलाओं के साथ आकर नारेबाजी करने लगे और काले झंडे दिखाए. कांग्रेस नेता सज्जन वर्मा, विधायक महेश परमार, प्रताप ग्रेवाल को भागीरथपुरा में जाने से रोकने लगे. इसके बावजूद कांग्रेस नेता एक मृतक के घर संवेदना व्यक्त करने पहुंच गए.



### पुलिस ने रोका

पीड़ित परिवार से मिलकर आने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता सज्जन वर्मा के साथ धक्का मुक्की की. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी कैलाश विजयवर्गीय, महापौर के खिलाफ नारेबाजी की. इस दौरान भाजपा की ओर से वर्मा पर जूता चप्पल भी फेंके गए. नारेबाजी और धक्का मुक्की का दौर करीब आधे घंटे से ज्यादा चला. इस दौरान पुलिस एक बार फिर भाजपाइयों के सामने असहाय दिखी. पुलिस ने हंगामा कर रहे भाजपा के लोगो को हटाने की बजाय कांग्रेसियों को मिलने से रोका. नेताओ ने पुलिस की कारवाई का विरोध भी किया.

## खाद बीज दुकान पर मिला नकली कीटनाशक

**दतिया.** इंदरगढ़ नगर के सेवडा रोड पर आरके ट्रेडर्स खाद खाद बीज एवं कीटनाशक की दुकान पर कृषि विभाग राजस्व विभाग एवं खाद्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई की गई. निरीक्षण के दौरान एक्सपायरी कीटनाशक दवा बीज एवं यूरिया का अधिक स्टॉक पाए जाने पर दुकान को सील किया गया है. दतिया कलेक्टर के निर्देश पर सेवड़ा कृषि विस्तार अधिकारी जितेंद्र श्रीवास्तव ने इंदरगढ़ थाने पहुंचकर दुकान संचालक प्रदीप गुप्ता पर कीटनाशक अधिनियम एवं विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया है. दतिया कलेक्टर स्वापिल वानखेडे ने सख्त निर्देश दिये है कि जिले मे नकली कीटनाशक दवाई एवं नियम विरुद्ध खाद बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

# आरोपी को दी उम्रकैद की सजा खारिज

**हाईकोर्ट ने महिला जज और वकील को जारी किया नोटिस**



**जबलपुर, 3 जनवरी. मप्र हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के मामले में बालिग युवती को नाबालिग बताकर आरोपी को दी गई उम्रकैद की सजा को गंभीर भूल बताकर खारिज कर दिया है.**

जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस रामकुमार चौबे की युगलपीठ ने आरोपी को दोषमुक्त करते हुए कहा कि लडक़ी बालिग थी और एक्स-रे रिपोर्ट में भी उसकी उम्र 18 साल से ज्यादा बताई गई. इसके बावजूद भी आरोपी को तीन साल तक जेल में रखकर उसके साथ अन्याय किया गया. न्यायालय ने मामले में महिला जज व सरकारी वकील को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण चेम्बर में पेश करने के निर्देश दिये है, ताकि उस पर आगे की कार्रवाई के निर्देश दिये जा सकें. दरअसल यह मामला पनागर थानांतर्गत ग्राम तिलगवां में रहने वाले रवि कोल की अपील से संबंधित है. एक नाबालिग के दुष्कर्म करने के आरोप में आरोपी को जबलपुर की विशेष न्यायाधीश बरखा दिनकर की अदालत ने 30 नवम्बर 2023 को उम्रकैद की सजा सुनाई थी. रवि कोल पर आरोप था कि शादी का लालच देकर उसने एक नाबालिग लडक़ी का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म किया.

> पीड़िता की मां की शिकायत पर 31 जनवरी 2022 को माढ़ोताल थाने में प्रकरण दर्ज हुआ था. पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने पाया कि पीड़िता बालिग थी, लेकिन नाबालिग मानकर आरोपी को उक्त सजा दी गई, जबकि मामला आपसी सहमति से बने संबंधों का है, जहां आरोपी को सजा नहीं होनी थी.

# साइबर ठगी में इंदौर टॉप, 8 हजार केस दर्ज

**101 करोड़ की ठगी में सिर्फ 17 करोड़ की रिकवरी**

**पुलिस ने करवाए हजारों बैंक खाते फ्रीज**

**इंदौर, 3 जनवरी. साइबर अपराध के मामले में इंदौर प्रदेश में सबसे आगे निकल गया है. बीते एक साल में शहर में 8 हजार से अधिक साइबर ठगी की शिकायतें सामने आईं, जिनमें 101 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी दर्ज की गई.**

हालांकि पुलिस और साइबर सेल की कार्रवाई के बावजूद ठगी की रकम में से अब तक 17 करोड़ रुपए से ज्यादा ही वसूल हो पाए हैं. प्रदेशभर में साइबर फ्रॉड का आंकड़ा और भी चौंकाने वाला है. उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक मध्यप्रदेश में कुल 581 करोड़ रुपए का साइबर फ्रॉड दर्ज हुआ, लेकिन इसमें से सिर्फ 137 करोड़ की ही रिकवरी हो सकी. यानी करीब 444 करोड़ रुपए की राशि अब भी फ्रॉड करने वालों के पास या तकनीकी अड़चनों के चलते ट्रेस नहीं हो पाई है. पूरे प्रदेश में साइबर अपराध से जुड़ी करीब 56 हजार शिकायतें दर्ज की गई हैं. पुलिस अधिकारियों के अनुसार बड़ी संख्या में ठगी के मामले अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े होते हैं, जिससे रकम की वसूली और आरोपियों तक पहुंचने में तकनीकी दिक्कतें आती हैं.

> कई मामलों में फ्रॉड करने वाले आरोपियों की पहचान तक नहीं हो पाती. इंदौर में साइबर सेल और क्राइम ब्रांच लगातार इस चुनौती से निपटने में जुटी है. साइबर एक्सपर्ट और क्राइम ब्रांच के एडीसीपी राजेश दंडोतिया के नेतृत्व में लोगों को ठगी से बचाने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं. सोशल मीडिया के जरिए भी साइबर फ्रॉड के नए तरीकों और उनसे बचाव की जानकारी लगातार साझा की जा रही है. पुलिस का दावा है कि वर्ष 2025 में साइबर अपराध के मामलों में प्रभावी कार्रवाई की गई है.

## एलीवेटेड रोड में बाधा बन रहे 3 मकान व 1 मैरिज गार्डन हटाए

**ग्वालियर.** एलीवेटेड रोड के निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमण जिला प्रशासन द्वारा हटाए जा रहे हैं. राजस्व विभाग की टीम ने मशीनों की मदद से बड़ी कार्रवाई कर रमटापुरा क्षेत्र से अतिक्रमण हटवाए.तहसीलदार महेश सिंह कुशवाह ने बताया कि रमटापुरा क्षेत्र के अंतर्गत एलीवेटेड रोड में बाधा बन रहे 3 मकान व 1 मैरिज गार्डन का अतिक्रमण हटाया गया. इनमें से 1 मकान पूरी तरह हटाया गया व 2 मकानों की बाउण्ड्रीवॉल हटाई गई. इसी तरह मैरिज गार्डन की किचिन व गार्डन एरिया को हटाया गया है.

# पानी में बदबू की शिकायत मिलने पर तुरंत करें समाधान

**कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने जारी किए सख्त निर्देश**

**नीमच, 3 जनवरी. जिले में जल जनित बीमारियों की रोकथाम और नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने जिले की सभी नगरीय निकायों को सख्त निर्देश जारी किए हैं.**

वहीं, पानी के रंग या बदबू की शिकायत मिलने पर संबंधित क्षेत्र में तत्काल जल प्रदाय बंद कर वैकल्पिक स्त्रोत से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने और 24 घंटे के भीतर शिकायत का समाधान करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं. इन निर्देशों के तहत नगरीय क्षेत्रों में जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, जल उपचार, भंडारण और वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करने पर विशेष जोर दिया गया है. जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी पराग जैन ने बताया कि कलेक्टर द्वारा जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नप अधिकारियों (सीएमओ) को निर्देशित किया गया है कि वे सभी जल स्त्रोतों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करें.



> कलेक्टर ने पेयजल में कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की नियमित जांच कराने पर भी जोर दिया है. इसके तहत जल स्रोतों, ट्रीटमेंट प्लांट, जल टंकियों और वितरण नलिकाओं के अंतिम बिंदु से पानी के सैंपल लेकर उनकी जांच कराने और जांच का पूरा रिकॉर्ड संधारित करने के निर्देश सभी नगरीय निकायों को दिए गए हैं. जिला प्रशासन जल जनित बीमारियों की रोकथाम और नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है.

## एक नजर में



### कोतवाली बवाल, एफआईआर दर्ज, तीन अरेस्ट


**जबलपुर,3 जनवरी.** कोतवाली थाना अंतर्गत कमानिया गेट में देर रात्रि मचे बवाल के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है साथ ही दुकान मैनेजर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के मुताबिक कमनिया गेट के समीप बड़कुल होटल में राजकुमार जैन पहुंच थे जहां रूपयों के लेनदेन को लेकर कहासुनी हो गई थी. पीड़ित राजकुमार जैन का आरोप है कि मैनेजर ने समाज विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया. इसके बाद मैनेजर ने अपने साथियों के साथ बेसबॉल से हमला किया. समाज विशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद आक्रोश फैल गया था और बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए थे. पुलिस को आक्रोशित भीड़ को तितर-बितर करने लाठी चार्ज करना पड़ा था. जिसमें दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं मामले में पुलिस ने राजकुमार जैन की रिपोर्ट पर मैनेजर अतुल पटेल समेत उसके साथी रोहित राजपूत, सचिन के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया है तीनों को शनिवार को पुलिस कोर्ट में पेश करने के लिए ले जा रही है.

### 'सुख शक्ति धाम' का लोकार्पण आज

**रतलाम, 3 जनवरी.** आत्मनिरीक्षण, विवेक और संतुलित जीवन-दृष्टि को केंद्र में रखकर निर्मित विश्व के प्रथम सुख शक्ति धाम का भव्य उद्घाटन एवं लोकार्पण 4 जनवरी को रतलाम में होगा. यह धाम किसी धर्म, पंथ या संप्रदाय से बंधा हुआ नहीं है, बल्कि मनुष्य को स्वयं से प्रश्न करने, स्वयं को सुधारने और आंतरिक परिवर्तन के माध्यम से समाज में सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करने की प्रेरणा देता है. इस ऐतिहासिक अवसर पर पद्म विभूषण इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति मुख्य अतिथि रहेंगे. फोर्स मोटर्स के चेयरमेन अभय फिरोदिया, टॉरेंट समूह के मानद चेयरमैन सुधीर मेहता, कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप विशेष अतिथि रहेंगे. सुख शक्ति धाम व देश अपनाएं सहयोग फाउंडेशन के संस्थापक वल्लभ भंसाली अध्यक्षता करेंगे. सुख शक्ति धाम की मूल परिकल्पना इस विचार पर आधारित है कि समाज को बदलने से पहले स्वयं को बदलना आवश्यक है. यहाँ यह संदेश दिया जाता है कि 'हम सुधरेंगे, संसार अपने आप सुधरेगा.' शिकायत की संस्कृति के स्थान पर आत्म-जिम्मेदारी, विवेक और सजग नागरिकता को विकसित करना इस धाम का मूल उद्देश्य है. रतलाम के प्रबुद्ध वर्ग, शिक्षाविदों एवं अध्यात्म-प्रेमी नागरिकों को भी इस लोकार्पण समारोह में आमंत्रित किया गया है. उद्घाटन एवं लोकार्पण समारोह में आ रहे .

# पालनगर-नागदा पहाड़ी क्षेत्र में मृत मिला तेंदुआ

**देवास, 3 जनवरी. देवास शहर से सटे पालनगर-नागदा पहाड़ी क्षेत्र में शनिवार सुबह खेत में एक तेंदुआ मृत अवस्था में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. खेत पर पहुंचे ग्रामीणों ने तेंदुए को मृत देखकर तत्काल वन विभाग को सूचना दी. सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की.**



प्रारंभिक जांच में तेंदुए की मौत खेत के आसपास लगी लोहे की जाली में फंसने से होना प्रतीत हो रही है. वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खेत में फसल सुरक्षा के लिए तारों में झटका मशीन (करंट प्रवाहित तार) लगाए जाने की संभावना भी जताई जा रही है. आशंका है कि इसी करंटयुक्त तार की चपेट में आने से तेंदुए की मौत हुई होगी. मौके पर मौजूद ग्रामीण मौसम पटेल ने बताया कि सुबह जब वे खेत पर पहुंचे तो तेंदुआ जाली में फंसा हुआ मृत अवस्था में मिला. उन्होंने बताया कि शुक्रवार शाम तक खेत में ऐसी कोई स्थिति नहीं थी, जिससे यह घटना रात के समय घटित होने की आशंका जताई जा रही है.

> घटना ने वन्यजीव सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. जंगल का राजा कहे जाने वाले तेंदुए की इस तरह मौत होना न केवल चिंता का विषय है, बल्कि खेतों में अवैध रूप से लगाए जा रहे करंटयुक्त तारों पर भी सवाल खड़े करता है. फिलहाल वन विभाग द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जा रही है और मामले की विस्तृत जांच जारी है. जांच के बाद ही तेंदुए की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा.

## भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह दो दिवसीय प्रवास पर


**भोपाल, 3 जनवरी.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह 4 एवं 5 जनवरी को दो दिवसीय प्रदेश प्रवास पर रहेंगे. इस दौरान वे मुरैना, भिंड और ग्वालियर जिलों में पार्टी संगठनात्मक गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित विभिन्न विधानसभा स्तरीय बैठकों को संबोधित करेंगे. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डॉ. महेंद्र सिंह 4 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे मुरैना जिले की दिमनी विधानसभा, प्रातः 11.30 बजे अंबाह विधानसभा तथा दोपहर 2 बजे मेहगांव में आयोजित मेहगांव एवं गोहद विधानसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे. इसके पश्चात वे सायं 4 बजे भिंड पहुंचकर भिंड, अटेर एवं लहार विधानसभा की बैठक में शामिल होंगे.

# अनिल मिश्रा समेत 4 की जमानत याचिका पर सुनवाई आज

**ग्वालियर में अंबेडकर का चित्र जलाने का मामला**

**ग्वालियर,3 जनवरी. डॉ. अंबेडकर के चित्र को कथित तौर पर जलाने और अपमानजनक नारे लगाने के मामले में अनिल मिश्रा समेत 4 की जमानत याचिका पर विशेष कोर्ट रविवार को सुनवाई करेगा.**

शनिवार को सुनवाई में मिश्रा के वकील ने तर्क दिए. हालांकि केस से संबंधित दस्तावेज कम होने के कारण सुनवाई कल तक के लिए टाल दी गई. कोर्ट ने इस मामले की डायरी तलब की है. एडवोकेट अनिल मिश्रा की ओर से पैरवी कर रहे हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन पाठक ने कोर्ट में तर्क दिया कि ग्वालियर पुलिस ने विधि प्रक्रिया का पालन नहीं किया. उन्होंने कहा कि मिश्रा एवं अन्य को पहले गिरफ्तार किया गया और उसके बाद एफआईआर दर्ज की गई, जो कानून के विरुद्ध है. इसके साथ ही आरोपियों के परिजनों को भी समय पर गिरफ्तारी की सूचना नहीं दी गई. पवन पाठक ने यह भी दलील दी कि एट्रोसिटी एक्ट सहित जिन धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है, उनमें नोटिस देकर छोड़े जाने का प्रावधान है. इसके बावजूद पुलिस ने हाईकोर्ट के पूर्व आदेशों की अवहेलना करते हुए आरोपियों को सीधे गिरफ्तार किया. 1 जनवरी को डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र को जलाने और अपमानजनक नारे लगाने के मामले में साइबर सेल थाना ग्वालियर में एफआईआर दर्ज की गई थी. इस प्रकरण में अनिल मिश्रा समेत कुल सात लोगों को आरोपी बनाया है.



## भक्ति और उत्साह के संग लोधीखेड़ा से जामसांवली भव्य पदयात्रा

**सौसर,3 जनवरी.** क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना के साथ नववर्ष के पहले शनिवार को लोधीखेड़ा से सुप्रसिद्ध चमत्कारिक हनुमान मंदिर जामसांवली तक भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया. इस 11 किलोमीटर लंबी पैदल यात्रा में हजारों महिला, पुरुष और युवा श्रद्धालु शामिल हुए. ठंड के बावजूद भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं रही. पूरा मार्ग जय श्री राम और जय हनुमान के जयकारों से गूंज उठा. रास्ते में ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर एवं हल्का स्नैक्स वितरित कर यात्रियों का स्वागत किया. भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री राहुल मोहोड़ और क्षेत्रीय विधायक विजय चौरे ने भी पदयात्रा में विशेष रूप से हिस्सा लिया.



**सुविधा** माघ मेले को लेकर रेलवे स्टेशन पर की गई व्यवस्था

# श्रद्धालुओं के लिए तैयार हुआ विश्रामालय

**सतना 3 जनवरी. पिछले वर्ष प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के दौरान सतना रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता नजर आया था. इसी कड़ी में इस वर्ष माघ मेले को देखते हुए रेलवे स्टेशन पर तैयारी शुरु कर दी गई है. जिसके चलते रेलवे स्टेशन परिसर में विश्रामालय तैयार कर दिया गया है.**

रेलवे स्टेशन परिसर में आरक्षण केंद्र के सामने से लेकर मुख्य गेट के कुछ पहले तक के समूचे हिस्से को स्थानीय रेल प्रबंधन द्वारा विश्रामालय के रुप में तैयार कर लिया गया है. इस पूरे क्षेत्र में एक ओर जहां जमीन पर दरी बिछा दी गई है. वहीं दूसरी ओर बरामदे के खुले हुए हिस्से को कनात लगाकर ढंक दिया है.



> बताया गया कि पिछले वर्ष महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ के मद्देनजर यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि माघ मेले के दौरान भी खासी संख्या में श्रद्धालु रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे. जिसके चलते स्थानीय रेल प्रबंधन द्वारा खासे लंबे चौड़े क्षेत्र को विश्रामालय में तब्दील कर दिया गया है. जहां पर श्रद्धालुओं की खासी संख्या विश्राम कर सकेगी. बताया कि आगे आवश्यकता पडने पर श्रद्धालुओं की सुविधा में बढ़ोत्तरी की जाएगी.

# जमीनी संगठन को मजबूत करने में जुटी कांग्रेस

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 03 जनवरी. कांग्रेस पार्टी के 'बूथ चलो, गांव चलो' अभियान के तहत शनिवार को नर्मदापुरम जिले की निम सड़िया पंचायत के भिलाखेड़ी गांव में ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी का विधिवत गठन किया गया.**

नवगठित समिति का अध्यक्ष रंजीत चौधरी को नियुक्त किया गया. साथ ही महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी, अल्पसंख्यक, सोशल मीडिया, बाल कांग्रेस, किसान कांग्रेस, सेवा दल एवं बीएलए प्रकोष्ठों के प्रतिनिधियों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए. कार्यक्रम में जिला प्रभारी ओम पटेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवकांत पांडे सहित वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे. किसान संवाद कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें किसानों की समस्याओं और सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों पर चर्चा की गई. बाद में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इंदौर की घटना को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी को 'लोकतंत्र पर हमला' करार देते हुए प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की. पटवारी ने चेतावनी दी कि यदि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस्तीफा नहीं दिया तो 11 जनवरी को इंदौर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा.



## भिंड के एसपी असित यादव बने डीआईजी

**भिंड.** जिले के पुलिस अधीक्षक असित यादव को प्रमोशन देकर शासन ने उन्हें डीआईजी के पद पर पदस्थ किया है. असित यादव विधानसभा चुनाव के दौरान भिंड जिले में एसपी बनकर आए थे.चुनावी माहौल में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी उन पर थी, जिसे उन्होंने कुशलता से निभाया. करीब दो वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग को लेकर कई सख्त कदम उठाए. जिले में संवेदनशील मामलों की मॉनिटरिंग और पुलिस महकमे में अनुशासन को लेकर उनकी कार्यशैली सराही गई. उनकी पदोन्नति को बेहतर कार्य और प्रशासनिक क्षमता का परिणाम माना जा रहा है.